# बारिश के मौसम में छाता खरीदते हुए भी रखें फैशन का ध्यान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



आजकल बारिश कब हो जाए इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। अगर आपने अपनी पसंद की ड्रेस पहनी, तो बारिश सब बर्बाद कर सकती है। ऐसे में बारिश से बचने के अब हर कोई अंब्रेला का सहारा लेता है। बात अगर अंब्रेला फैशन की करें, तो इसमें भी आजकल काफी वैराइटी देखने को मिलती है। आज हम आपको अंब्रेला के कुछ ऐसे डिजाइन्स दिखाएंगे, जो आपकी बारिश से बचाने का साथ-साथ आपको स्टाइलिश लुक भी देंगें।

**ड्रेस से मैचिंग छाते:** प्रिटेंड ड्रेस के साथ प्रिंटेड छाते इस समय खासे हिट हैं। यह ट्रेंड बैग से लेकर छाते तक में इस समय पसंद किया जा रहा है। सिलेब्रिटी भी अपनी अपनी ड्रेस के साथ मैच करते हुए छाते लेकर अपना लुक और स्टाइलिश बनाते दिख रहे हैं।

**छातों में पोलका डॉट्स:** छाते में भी पोलका डॉट्स इस समय खासा हिट है। ये इतनी वैराइटी में आए हुए हैं कि आप इन्हें अपनी ड्रेस से भी परफेक्ट मैचिंग करवा सकते हैं।

**प्लेन छाते पर नेचर प्रिंट:** प्लेन छाते पर नेचर प्रिंट भी इस समय ट्रेंड में हैं। अलग स्टाइल देने में यह आपके खूब काम आता है।


**कलरफुल छाते:** आजकल बाजार में मौजूद हैं एक से बढ़कर एक स्टाइलिश और कलरफुल छाते। पिंक, यलो, रेड, ब्लू, ग्रीन, ऑरेंज और फ्लोरल प्रिंट में ये आपको मिलेंगे। येलो का क्रेज आजकल खूब देखने को मिल रहा है।

## स्ट्रीट डांसर 3डी के लिये 33 करोड़ की फीस ले रहे हैं वरूण!

बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन अपनी आने वाली फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी के लिये 33 करोड़ की फीस ले रहे हैं। वरुण की इस वर्ष फिल्म कलंक प्रदर्शित हुयी है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन वरुण का चार्म और स्टारडम बरकरार है। वरूण इन दिनों डांस बेस्ड फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी में काम कर रहे हैं। चर्चा है कि स्ट्रीट डांसर 3डी के लिए वरुण को भारी भरकम फीस मिली है। कहा जा रहा है कि वरुण को इस फिल्म के लिए करोड़ों में फीस दी गई है। स्ट्रीट डांसर 3डी के लिए उन्हें 33 करोड़ फीस दी गई है। वरुण की पॉपुलैरिटी और उनकी फिल्मों के सैटेलाइट बिजनेस को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है। वरुण की फिल्में टीवी पर बहुत अच्छी तरह से काम करती हैं और निर्माता भी उससे भारी फायदा उठा रहे हैं। मेकर्स ने बड़े अमाउंट में फिल्म के सैटेलाइट राइट्स लीडिंग चैनल्स को बेचने का फैसला लिया है। वरुण को फिल्म के लिए 10-11 करोड़ साइनिंग अमाउंट मिला था। बाकी का पैसा वरुण धवन को प्रोड्यूसर द्वारा कमाए गए सैटेलाइट और डिजिटल राइट्स में से दिया जाएगा। स्ट्रीट डांसर 3डी को रेमो डिसूजा निर्देशित कर रहे हैं। यह फिल्म 24 जनवरी 2020 को रिलीज होगी।

## आरएक्स 100 से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे सुनील शेट्टी के बेटे अहान

अभिनेता सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी जल्द ही बड़े पर्दे पर एक्टिंग करते दिखेंगे. अहान ने अपनी डेब्यू फिल्म फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. यह साल 2018 की हिट तेलुगू फिल्म आरएक्स 100 की हिंदी रीमेक है.



प्रोडक्शन कंपनी नाडियाडवाला ग्रैंडसन के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट की एक पोस्ट में कहा गया, पहली शूटिंग. पहला दिन. पहला क्लैप. हम इस खूबसूरत सफर पर एक साथ जाने के लिए तैयार हैं. बहुत कुछ है. अहान शेट्टी, साजिद नाडियाडवाला, मिलन लुथरिया और तारा सुतारिया.

ड्रामा फिल्म आरएक्स 100 के तेलुगू संस्करण में कार्तिकेय गुम्माकोंडा और पायल राजपूत ने काम किया था. रीमेक का निर्देशन मिलन लुथरिया द्वारा किया जा रहा है. अहान शेट्टी की इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है. ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि इस फिल्म का नाम तड़प रखा जा सकता है. अहान ने अपने इंस्टा स्टोरी में एक तस्वीर शेयर की है.

इसमें अहान के अपोजिट तारा सुतारिया दिखेंगी. निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने कहा, हमें अपनी फिल्म की हिरोइन मिल गई है और मैं कह सकता हूं कि तारा बहुत क्षमतावान ऐक्ट्रेस हैं. मुझे लगता है कि तारा और अहान की जोड़ी काफी रोमांटिक और दिलचस्प रहेगी.

कुछ दिनों पहले सुनील शेट्टी ने बेटे के बारे में कहा, वह मुझसे बहुत बेहतर है. इसलिए मैं तुलना से चिंतित नहीं हूं. अगर दर्शक उसे स्वीकार करते हैं, किस्मत उसके साथ है और अगर वह अच्छा काम करता है तो वह सफल जरूर होगा. बॉर्डर के अभिनेता ने कहा, वह प्रतिभावान है और वह तैयार है.

सुनील ने ये भी कहा, जब आप बच्चों को समझाते हैं, वे आपको नहीं सुनते हैं लेकिन वे आपको हमेशा देखते हैं. मुझे लगता है उन्होंने मुझे जिंदगी भर देखा है. मेरे घर में लोग सुबह पांच बजे जागते हैं और 10 बजे तक सभी लोग सोने की तैयारी करने लगते हैं. अब यह उनके डीएनए में है.

बता दें कि सुनील शेट्टी बेटी आथिया और बेटे अहान के साथ हफ्ते में एक या दो बार प्रैक्टिस करते हैं. सुनील कुछ दिनों पहले बताया, मैंने और अहान ने साथ में बहुत तैयारी की है. आथिया जब प्रेरित होना चाहती है तो वह भी हमारे साथ अभ्यास करती है. जब मुझे लगता है कि मुझे प्रेरणा की जरूरत है, मैं उनके साथ अभ्यास करता हूं.

## पानी पीकर आप कम कर सकते हैं डायबीटीज

इसमें कोई शक नहीं कि पानी सबसे हेल्दी और प्योर ड्रिंक है जो न सिर्फ हमारी प्यास बुझाता है बल्कि सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है। यही वजह है कि हर वयस्क को हर दिन कम से कम 2 से 3 लीटर पानी जरूर पीना चहिए। इंसान का 70 फीसदी शरीर पानी से बना है और शरीर की सभी क्रियाएं सुचारू रूप से चलें इसके लिए भी पानी बेहद जरूरी है। कुल मिलाकर देखें तो पानी के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते।



बहुत से अनुसंधानकर्ताओं की मानें तो डायबीटीज को दूर करने में भी पानी आपकी मदद कर सकता है। जी हां, आपने बिलकुल सही सुना। अनुसंधानकर्ताओं की मानें तो अगर आप नियमित रूप से पानी पीते रहें तो खून में ग्लूकोज के बढ़े हुए लेवल को कम करने में मदद मिल सकती है। कुछ स्टडीज में यह बात साबित भी हो चुकी है कि पानी पीने से खून में मौजूद अतिरिक्त शुगर की मात्रा को यूरीन के रास्ते शरीर से बाहर निकालने में मदद मिलती है।

शरीर में वॉटर रिटेंशन को बनाए रखने में मदद करता है एक हॉर्मोन जिसका नाम है वैसोप्रेसिन और यह तब बढ़ जाता है जब आपके शरीर में पानी की कमी होती है। वैसे लोग जो अपने ब्लड शुगर लेवल को कम करना चाहते हैं या फिर सामान्य रूप से हेल्दी जीवन जीना चाहते हैं उन्हें हर दिन थोड़े-थोड़े अतंराल पर कम से कम 8 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। ब्लड शुगर लेवल पर सकारात्मक असर हो इसके लिए बेहद जरूरी है कि आप पानी पीने के साथ-साथ शुगरी ड्रिंक्स, ऐल्कॉहॉल और जंक फूड से दूर रहें। अगर आपको सादा पानी पीना पसंद नहीं है तो आप इसे टेस्टी और हेल्दी बनाने के लिए पानी में पुदीने की पत्तियां, नींबू और चुटकी भर नमक डाल सकते हैं। ये एक तरह से डिटॉक्सिफाइंग ड्रिंक का काम करेगा जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट के बैलेंस को बरकरार रखता है।